शक्ति दे माँ शक्ति दे माँ

शक्ति दे माँ शक्ति दे माँ, शक्ति दे माँ शक्ति दे माँ ।
पग पग ठोकर खाऊं, चल ना पाऊं, कैसे आऊं मैं घर तेरे ॥

हाथ पकड़ ले हाथ बढ़ा दे, अपने मंदिर तक पहुंचा दे ।
सर पर दुःख की रैना, नाही चैना, प्यासे नैना दर्शन के ॥

जग में जिसका नाम है जीवन, इक युग है संग्राम है जीवन ।
तेरा नाम पुकारा, दुःख का मारा, हारा माँ इस जीवन से ॥

तेरे द्वारे जो भी आया, उसने जो माँगा वो पाया ।
मैं भी तेरा सवाली, शक्तिशाली शेरों वाली माँ जगदम्बे ॥

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/295/title/shakti-de-maa-shakti-de-ma-pag-pag-thokar-khaun-chal-na-paun-kaise-aaun-main-ghar-tere-durga-bhajan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |